# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

**क्रमांकः एफ 1–187/2015/विज्ञप्त/ 715** रायपुर, दिनांक 06/ मई/2016

| | |
|---|---|
| प्रकाशन की तारीख 07/05/2016 | आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि के 15/05 /2016 के मध्य किसी भी दिवस में । |

छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ1–60/2013/सत्रह/एक दिनांक 12 दिसम्बर 2013 के व्दारा छत्तीसगढ़ शासन के (असाधारण) राजपत्र व्दारा अधिसूचित "छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिकारी (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2013 में प्रावधान अनुसार भारतीय नागरिक और भारत सरकार द्वारा मान्य श्रेणियों के उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में **"चिकित्सा अधिकारी"** के रिक्त पदों एवं निःशक्तजनों के बैंकलॉग रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु कुल 238 पदों के लिए दिनांक 09.मार्च 2016 को विज्ञापन प्रकाशित कर ऑन लॉईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे । चिकित्सा अधिकारियों की 281 पद उदभूत होने के कारण उक्त विज्ञापन में निम्नानुसार संशोधन कर कुल 519 पदों के लिए के संशोधित विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 मई 2016 तक आवेदन ऑन लाईन आमंत्रित किए जाते है। पूर्व विज्ञापित रिक्तियां एवं शासन आदेश कमांक एफः1–62/2015/सत्रह/एक दिनांक 27.04. 2016 व्दारा भर्ती हेतु प्रदान की गई अनुमति के अनुक्रम में उद्भूत अतिरिक्त रिक्तियां के आधार पर वर्गवार पूर्ति हेतु बन रहे पदों की विवरण तालिका निम्नानुसार हैं :–

| क | विवरण | अना. | अ.जा. | अ.ज. जा. | अ.पि. वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | स्पष्ट रिक्तियॉ वर्गवार विभाजन | 140 | 40 | 107 | 47 | 334 |
| 2 | स्पष्ट रिक्त पद पर महिलाओ के लिए आरक्षण वर्गवार | 42 | 12 | 32 | 14 | 100 |
| 3 | स्पष्ट रिक्त पद पर निशक्तजन के लिए आरक्षण वर्गवार | 8 | 2 | 6 | 3 | 19 |
| 4 | बैक लांग रिक्तियों का विवरण | 0 | 0 | 129 | 153 | 282 |
| 5 | बैकलांग पद पर महिलाओ के लिए आरक्षण | 0 | 0 | 39 | 46 | 85 |
| 6 | बैकलांग पद पर निःशक्तजन के लिए आरक्षित पद | 0 | 0 | 8 | 9 | 17 |
| महायोग | | 140 | 40 | 236 | 200 | 616 |

* **उक्त पदों में निःशक्तजन के बैकलाग पद भी शामिल है।**

* **Abbrevation Used: - OA-One Arm, OL-One Leg (for non surgical jobs)**

1. चिकित्सा अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश विभाग के वेबसाईट www.cghealth.nic.in में देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

2. विज्ञापन आवेदन भरने की तिथि :– ऑन–लाईन आवेदन **जारी दिनांक से दिनांक 15-05-2016** तक भरे जा सकेंगे।

3. उपरोक्त पदों हेतु स्वास्थ्य विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 15-05-2016 को शाम 5.00 बजे तक ऑन–लाईन आवेदन भरे जा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के समीक्षा उपरांत पात्र आवेदकों की सूची विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर जारी किया जावेगा।

4. छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के तदर्थ रुप में पदस्थ चिकित्सक भी नियमित तौर पर नियुक्ति हेतु आवेदन कर सकते है।

5. ऐसे आवेदक जिन्होने दिनांक 09 मार्च 2016 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में ऑन लाईन आवेदन किया है तथा उनके दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 26 से 28 अप्रैल 2016 को शैक्षणिक योग्यता/आर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों के परीक्षण/सत्यापन किया जा चुका है तथा जिनकी सूची **विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर जारी 609 अभ्यार्थियों की सूची शामिल है, उन अभ्यार्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

6. इस विज्ञापन के अनुपालन में केवल ऐसे आवेदक जो दिनांक 09 मार्च 2016 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में ऑन लाईन आवेदन नहीं कर सके, अथवा आवेदन करने के बाद उनका नाम आवेदन की किन्ही अपूर्णतः की स्थिति में दिनांक 26 से 28 अप्रैल 2016 को आयोजित शैक्षणिक योग्यता/आर्हता संबंधी प्रमाण पत्रों के परीक्षण/सत्यापन के लिए विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर अपलोड 609 अभ्यार्थियों की सूची में शामिल नहीं है । अथवा वे किन्ही कारणों से पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में लान–लाईन आवेदन करने के छूट गये हो, वे अपना आवेदन निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व ऑन लाइन कर सकते है।

7. पूर्व में जारी विज्ञापन दिनांक 09.03.2016 के बिन्दु 16 की उप कंडिका 16.3 में संशोधित कर जोड़ा जाना है– अंतिम चयन सूची उम्मीदवार के न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (एम.बी.बी.एस. के सभी वर्षो के प्राप्तांक एवं पूर्णाक के आधार पर एवं अन्य देशों से एम.बी.बी.एस. उत्तीर्ण किए अभ्यार्थियों के अंको की गणना भारतीय चिकित्सा बोड़ /राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित "फारेन मेडिकल ग्रेजुएट एक्जामिनेशन/स्क्रीनिंग टेस्ट से प्राप्त अंको के प्रतिशतों को आधार मानते हुए की जावेगी) के प्राप्त कुल अंको + अधिसूचित क्षेत्र में कार्यानुभव अंक +पी.जी. (डिग्री–डिप्लोमा) उत्तीर्ण को अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के अंकों के योग के आधार पर की जावेगी।

8. **शेष शर्ते पूर्व विज्ञापन अनुसार यथावत रहेगी ।**

9. **उक्तानुसार पदों की वृद्धि के तहत प्रकाशित विज्ञापन के अनुपालन में आवेदन प्रस्तुत करने वाले एवं दिनांक 09.मार्च 2016 को पदों की पूर्ति हेतु प्रकाशित किए गये विज्ञापन के अनुसाार आनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने वाले वह अभ्यार्थी जो दिनांक 26 से 28 अप्रैल 2016 को योग्यता/आर्हाता संबंधी दस्तावेजो का परीक्षण कराने हेतु 609 की सूची में से उपस्थित नही हो पाऐं थे । ऐसे समस्त अभ्यार्थीयों के योग्यता/आर्हाता संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किए जाने के लिए दिनांक 17.05.2016 प्रातः 10.30 बजे की तिथि नियत की जाती है।** अतः संबंधित सभी अभ्यार्थीयों से अपेक्षा है कि वह स्वयं अपने योग्यता/आर्हाता संबंधी सभी मूल दस्तावेजो की स्वयं

व्दारा अभिमाणित छायाप्रतियों के दो सेट अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ , तैयार कर दस्तावेजों का परीक्षण कराने के लिए ***कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चतुर्थ तल, छ०ग० गृह निमार्ण मंडल व्यवसायिक परिसर, सेक्टर–27, नया रायपुर ,छत्तीसगढ़ में दस्तावेज परीक्षण कराने हेतु दिनांक 17 मई 2016 को उपस्थित होवें। इसके लिए पृथक से सूचना नही दी जावेगी ।***

6/5

संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़